# 2. व्यापार से साम्राज्य तक

**अभ्यास-समीक्षा**

---

- मुगल बादशाहों में औरंगजेब आखिरी शक्तिशाली बादशाह थे। उन्होंने वर्तमान भारत के एक बहुत बड़े हिस्से पर नियंत्रण स्थापित कर लिया था।
- 1707 में उनकी मृत्यु के बाद बहुत सारे मुगल सूबेदार और बड़े-बड़े जमींदार अपनी ताकत दिखाने लगे थे। उन्होंने अपनी क्षेत्रीय रियासतें कायम कर ली थीं।
- अठारहवीं सदी के उत्तरार्ध तक राजनीतिक क्षितिज पर अंग्रेजों के रूप में एक नयी ताकत उभरने लगी थी।
- अंग्रेज पहले-पहल एक छोटी-सी व्यापारिक कंपनी रूप में भारत आए थे | बाद में विशाल साम्राज्य के स्वामी बन बैठे |
- कैप्टन हडसन द्वारा बहादुर शाह ज़फर और उनके बेटों की गिरफ्तारी हुई।
- औरंगजेब के बाद कोई मुगल बादशाह इतना ताकतवर तो नहीं हुआ लेकिन एक प्रतीक के रूप में मुगल बादशाहों का महत्व बना हुआ था।
- जब 1857 में ब्रिटिश शासन के विरुद्ध भारी विद्रोह शुरू हो गया तो विद्रोहियों ने मुगल बादशाह बहादुर शाह ज़फर को ही अपना नेता मान लिया था। जब विद्रोह कुचल दिया गया तो कंपनी ने बहादुर शाह ज़फर को देश छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया और उनके बेटों को ज़फर के सामने ही मार डाला।
- वाणिज्यिक - एक ऐसा व्यावसायिक उद्यम जिसमें चीजों को सस्ती कीमत
- पर ख़रीद कर और ज़्यादा कीमत पर बेचकर यानी मुख्य रूप से व्यापार के जरिए मुनाफा कमाया जाता है।

अभ्यास प्रश्नोत्तर :

प्रश्न1. निम्नलिखित के जोड़े बनाएँ :

| | |
|---|---|
| दीवानी | टीपू सुल्तान |
| "शेर-ए-मैसूर | भू-राजस्व वसूल करने का अधिकार |
| फौजदारी अदालत | सिपॉय |
| रानी चेन्नम्मा | भारत का पहला गर्वनर-जनरल |
| सिपाही | फौजदारी अदालत |
| वारेन हेस्टिंग | कित्तूर में अंग्रेज-विरोधी आन्दोलन का नेतृत्व किया |

उत्तर:

| | |
|---|---|
| दीवानी | टीपू सुल्तान |
| "शेर-ए-मैसूर | भू-राजस्व वसूल करने का अधिकार |
| फौजदारी अदालत | फौजदारी अदालत |
| रानी चेन्नम्मा | भारत का पहला गर्वनर-जनरल |
| सिपाही | सिपॉय |
| वारेन हेस्टिंग | कित्तूर में अंग्रेज-विरोधी आन्दोलन का नेतृत्व किया |

प्रश्न2. रिक्त स्थान भरें :
(क) बंगाल पर अंग्रेजों की जीत ...................... की जंग से शुरू हुई थी |
(ख) हैदर अली और टीपू सुल्तान .................... के शासक थे |
(ग) डलहौजी ने .......................... का सिद्धांत लागु किया |
(घ) मराठा रियासतें मुख्य रूप से भारत के ........................... भाग में स्थित थी |
उत्तर:
(क) प्लासी
(ख) मैसूर
(ग) कालातीत होने
(घ) पश्चिमी
प्रश्न3. सही या गलत बताएँ :
(क) मुग़ल साम्राज्य अठारहवीं सदी में मजबूत होता गया |
(ख) इंग्लिश इष्ट इंडिया कंपनी भारत के साथ व्यापार करने वाली एकमात्र यूरोपीय कंपनी थी |
(ग) महाराजा रणजीत सिंह पंजाब के राजा थे |
(घ) अंग्रेजों ने अपने कब्जे वाले इलाकों में कोई शासकीय बदलाव नहीं किए |
उत्तर:
(क) गलत
(ख) गलत
(ग) सही
(घ) गलत
प्रश्न4. यूरोपीय व्यापारिक कंपनियाँ भारत की तरफ क्यों आकर्षित हो रही थी ?

उत्तर: यूरोपीय व्यापारिक कंपनियाँ भारत की तरफ आकर्षित होने के निम्न कारण थे |

(i) यूरोप के बाजारों में भारत के बने बारीक़ सूती कपडे और रेशम की जबरदस्त मांग थी |

(ii) इनके अलावा वहां काली मिर्च, लौंग, इलाइची और दालचीनी की मांग थी |

(iii) यहाँ से सस्ते कीमतों पर वस्तुएँ खरीद कर उसे महँगे दामों पर बेच देते थे जिससे उन्हें अधिक मुनाफा होता था |

प्रश्न5. बंगाल के नवाबों और ईस्ट इंडिया कंपनी के  बीच किन बातों पर  विवाद थे?

(i) बंगाल के नवाबों ने कंपनी को रियासत देने से मना कर दिया |

(ii) व्यापार का अधिकार देने के बदले कंपनी से नजराने मांगते थे |

(iii) उनसे सिक्के डालने का अधिकार भी छीन लिया |

(iv) उसकी किले-बंदी को बढ़ाने से रोक दिया |

(i)  ईस्ट इंडिया कंपनी  टैक्स चुकाने को तैयार नहीं थी |

(ii)  अंग्रेजी अफसरों ने उनके लिए अपमान जनक चिठ्ठिया लिखी

(iii) नवाबों व् उनके अधिकारीयों को अपमानित करने का प्रयास किया गया |

प्रश्न6: दीवानी मिलने से ईस्ट इन्डिया कंपनी को किस तरह फायदा पहुँचा ?

उत्तर: दीवानी मिलने से ईस्ट इन्डिया कंपनी को निम्न तरह से फायदा हुआ |

(i)  कम्पनी जयादा से ज्यादा रियासतें हासिल करने लगी |

(ii)  पहले से मौजूद अधिकारों का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाने में लगे हुए थे |

(iii) दीवानी मिलने के कारण कम्पनी को बंगाल के विशाल राजस्व संसाधनों पर नियंत्रण मिल गया था |

(iv) मुग़ल सम्राट ने कंपनी को ही बंगाल प्रान्त का दीवान नियुक्त कर दिया |

(v) दीवानी मिलने के बाद कंपनी को अब ब्रिटेन से सोना लेन की जरूरत नहीं पड़ती थी, क्योंकि इसी कमाई से कम्पनी भारत में सूती और रेशमी कपड़ा खरीद सकती थी, अपनी फौजों को सम्भाल सकती थी और कलकते में किलों एवं दफतरों का लागत उठा सकती थी |

प्रश्न7. ईस्ट इन्डिया कम्पनी टीपू सुल्तान को खतरा क्यों मानती थी ?

उत्तर:

(i)  टीपू सुल्तान ने अपनी रियासत में पड़ने वाले बंदरगाहों से चन्दन की लकड़ी, काली मिर्च और इलाइची का निर्यात रोक दिया |

(ii) टीपू सुलतान ने भारत में रहने वाले फ़्रांसिसी व्यापारियों से घनिष्ठ सम्बन्ध विकसित कर लिए | उनकी मदद से अपनी सेना का आधुनिकरण कर लिए |

(iii) टीपू सुल्तान से स्थानीय सौदागरों को भी कंपनी के साथ कारोबार करने से रोक दिया था |

(iv) टीपू सुल्तान बहुत महत्वकांक्षी, घमंडी और खतरनाक दिखाई देते थे, अंग्रेजों को लगता था की ऐसे राजाओं को नियंत्रित करना और कुचलना जरूरी है |

प्रश्न8. "सब्सिडियरी एलायंस " (सहायक संधि) व्यस्था की व्याख्या करे |

उत्तर: जो रियासत इस बंदोबस्त को मान लेती थी उसे अपनी स्वतंत्र सेनाएं रखने का अधिकार नहीं मिलता था | उसे कम्पनी के तरफ से सुरक्षा मिलती थी और सहायक सेना के रख-रखाव के लिए कम्पनी को पैसा देते थे | अगर भारतीय शासक रकम देने से चुक जाते तो जुर्माने के तौर उनका इलाका कंपनी अपने कब्जे में ले लेती थी |

प्रश्न9. कंपनी का शासन भारतीय राजाओं के शासन से किस तरह अलग था ?

उत्तर:
(i) भारतीय राजाओं ने अपने राज्य का प्रशासनिक एवं राजस्व विभाजन विभिन्न इकाइयाँ में कर रखा था | लेकिन ये इकाइयाँ ब्रिटिश-प्रशासनिक एवं राजस्व इकाइयों की तरह प्रभावी नहीं थी | अंग्रेजों ने प्रेसीडेंसी के रूप में एक नई प्रशासनिक इकाइयाँ बनायीं | गर्वनर जिसका मुखिया होता था |
(ii) 1772 से जिले में दीवानी एवं फौजदारी न्यायालयों की स्थापना की गयी |
(iii) 1773 के रेग्युलेटरी एक्ट के द्वारा कोलकत्ता में सर्वोच्य न्यायालय की स्थापना की गई |
(iv) यहाँ तक कि अंग्रेजों द्वारा पुलिस तथा राजस्व व्यवस्था में काफी सुधार किया गया |
प्रश्न10. कंपनी की सेना की संरचना में आये बदलावों का वर्णन करें |
उत्तर:
(i) कंपनी ने पैदल एवं सवार सिपाहियों की जगह पेशेवर सैनिकों की बहाली की |
(ii) इन सैनिकों को यूरोपीय शैली में नई युद्ध तकनीक द्वारा प्रशिक्षण दिया गया |
(iii) इन सैनिकों को नये एवं अत्याधुनिक हथियारों जैसे मस्केट तथा मैचलॉक आदि से सुसज्जित किया गया |
(iv) कंपनी ने अपनी तोपखानों को अत्याधुनिक किया और भी छोटे-मोटे बदलाव किया |

महत्वपूर्ण - प्रश्नोत्तर

प्रश्न: अंतिम शक्तिशाली मुग़ल शासक का नाम बताइए?
उत्तर: औरंगजेब|

प्रश्न: मुग़ल साम्राज्य क्यों कमजोर पड़ गया?
उत्तर: औरगजेब की मृत्यु के बाद कई मुग़ल गवर्नरो ने अपने – अपने क्षेत्रीय राज्यों की स्थापना करनी शुरू कर दी | इससे मुग़ल साम्राज्य कमजोर पड़ गया |

प्रश्न: ईस्ट इण्डिया कम्पनी की स्थापना कब और कहाँ हुई ?
उत्तर: ईस्ट इण्डिया कंपनी की स्थापना सन 1600 में लंदन में की गयी|

प्रश्न: पूर्व के साथ व्यापार करने का चार्टर (अनुमति पत्र) कंपनी को किसने किया?
उत्तर: महारानी एलिजाबेथ प्रथम ने|

प्रश्न: कौन -सी पश्चिमी ताकत सबसे पहले भारत में आई?
उत्तर: पुर्तगाली |

प्रश्न: किसने भारत के लिए समुद्री मार्ग की खोज की और कब?
उत्तर: पुर्तगाली नाविक वास्को डि गामा ने 1498 में भारत के लिए समुदी मार्ग की खोज की|

प्रश्न: भारत में पुर्तगाली अड्डा कहाँ था?
उत्तर: गोवा में हुआ था|

प्रश्न: यूरोपीय शक्तियों के लिए प्रमुख व्यापारिक वस्तु कौन–सी है ?
उत्तर: सूती एवं रेशम कपड़े, काली मिर्च, लौंग, इलायची, आदि|

प्रश्न: पहली अंग्रेजी फैक्टरी (करखाना) की स्थापिना कब और कहाँ की गई थी?
उत्तर: पहली फैक्ट्री की स्थापना 1651 में हुगली नदी के तट पर की गई थी|

प्रश्न: फैक्टर किसे कहा जाता था ?
उत्तर: कंपनी के व्यापारी हुगली नदी के किनारे से ही अपना काम चलाते थे, इन व्यापारियों को उस ज़माने में फैक्टर कहा जाता था |

प्रश्न: पहली इंगलिश फैक्ट्री कहाँ और कब शुरू हुई ?
उत्तर: पहली इंगलिश फैक्ट्री 1651 ई0 में हुगली नदी के किनारे शुरू हुई |

प्रश्न: फरमान का क्या अर्थ है ?
उत्तर: फरमान का अर्थ एक शाही आदेश होता है |

प्रश्न: बंगाल के पहले नवाब कौन थे ?
उत्तर: नवाब मुर्शिद कुली खान थे |

प्रश्न: बंगाल का आखिरी नवाब कौन था ?
उत्तर: नवाब सुराजुदौला |

प्रश्न: प्लासी का नाम किस तरह पड़ा ?
उत्तर: दरअसल असली नाम पलाशी था जिसे अंग्रेजों ने बिगाड़ कर प्लासी कर दिया | इस जगह को पलाशी, यहाँ पलाश के पाए जाने वाले पलाश के फूलों के कारण कहा जाता था |

प्रश्न: अलीवर्दी खान की मृत्यु कब हुई ?
उत्तर: सन 1756 में |

प्रश्न: बक्सर की लड़ाई कब हुई थी ?
उत्तर: 1764 में |

प्रश्न: रोबर्ट क्लाइव इंग्लैंड से जब भारत आया था तब उसकी उम्र क्या थी ?
उत्तर: रोबर्ट क्लाइव 1743 में मद्रास आया था तब उसकी उम्र 18 वर्ष थी |

प्रश्न: विलय निति की शुरुआत  किसने की थी ?
उत्तर: लार्ड डलहौजी ने |

प्रश्न: पलाशी  की जंग क्यों महत्वपूर्ण मानी जाती थी ?
उत्तर: प्लासी की जंग इसलिए महत्वपूर्ण थी क्योंकि भारत में यह  कंपनी की पहली बड़ी जित थी |

प्रश्न: पानीपत की तीसरी लड़ाई कब हुई थी ?
उत्तर: 1761 में |

प्रश्न: बक्सर की लड़ाई में किसकी हार हुई ?
उत्तर: मीर कासिम की हार हुई |

प्रश्न: टीपू सुल्तान कहाँ का शासक था ?
उत्तर: मैसूर का शासक था |

प्रश्न: नवाब बनने का क्या मतलब था ?
उत्तर: नवाब बनने का मतलब था अंग्रेजों की गुलामी करना, सारी ताकत और सत्ता कंपनी के पास ही होती थी |

प्रश्न: टीपू सुल्तान की मृत्यु कब हुई ?
उत्तर: 4 मई 1799 में |

प्रश्न: टीपू सुल्तान मैसूर का राजा कब बना ?
उत्तर: 1782 में |

प्रश्न: काजी का अर्थ लिखिए |
उत्तर: काजी का अर्थ एक न्यायधीश होता है |

प्रश्न: विलयन निति का सिद्धांत किस तर्क पर आधारित था ?
उत्तर: यह सिद्धांत इस तर्क पर आधारित था कि अगर किसी शासक की मृत्यु हो जाती है और उसका कोई पुरुष वारिस नहीं है तो अंग्रेज उस राज्य को अपने में मिला लेते थे |

प्रश्न: प्रेजिडेंसी किसे कहा जाता था ?
उत्तर ब्रिटिश इलाके मोटे तौर पर प्रशासकीय ईकाइयों में बंटे हुए थे जिन्हें प्रेजिडेंसी कहा जाता था |

प्रश्न: उस समय कितनी और कौन-कौन सी प्रेजिडेंसी थीं ?
उत्तर: उस समय तीन प्रेजिडेंसी थी, बंगाल मद्रास और मुंबई |

प्रश्न: महाराजा रंजीत सिंह की मृत्यु कब हुई थी ?
उत्तर: 1839 में |

प्रश्न: महाभियोग किसे कहा जाता है ?
उत्तर: जब इंग्लैंड के हॉउस ऑफ़ कॉमन्स में किसी व्यक्ति के खिलाफ दुराचरण का आरोप लगाया जाता था, तो हॉउस ऑफ़ लॉर्ड्स में उस व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा चलता है तो उसे महाभियोग कहा जाता है |

प्रश्न: वारेन हेस्टिंग पर मुक़दमा कब जरी हुआ ?
उत्तर: 1789 में |

प्रश्न: वारेन हेस्टिंग इंग्लैंड कब लौटा ?
उत्तर: 1785 में |

प्रश्न: रोबर्ट क्लाइव ने आत्महत्या कब और क्यों की ?
उत्तर: रोबर्ट क्लाइव पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे | 1772 में ब्रिटिश संसद में उसे अपने ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोप का जबाब देना पड़ा | बाद में उसे बरी कर दिया गया | लेकिन 1774 में उसने आत्महत्या कर ली |

प्रश्न: चेनम्मा कौन थी ?
उत्तर: चेनम्मा कर्णाटक के कितुर की रानी थी ?

प्रश्न: चेनम्मा की मृत्यु कब और कहाँ हुई ?
उत्तर: चेनम्मा की मृत्यु 1829 में जेल में हुई ?

प्रश्न: रानी चेनम्मा की जेल में  मृत्यु कैसे हुई ?
उत्तर: जब अंग्रेजों ने कितुर के छोटे से राज्य को कब्जे में लेने की कोशिश किया तो रानी चेनम्मा ने हथियार उठा लिए और अंग्रेजों के खिलाफ आन्दोलन छेड़ दिया |

प्रश्न: ईस्ट इंडिया कंपनी औपनिवेशिक शक्ति कैसे बन गई ?
उत्तर:
(i)
(ii)
(iii)

प्रश्न: ईस्ट इंडिया कंपनी का भारत में आने का क्या उदेश्य था ?
उत्तर: ईस्ट इंडिया कंपनी भारत में व्यापार के उदेश्य से आया था |

प्रश्न: यूरोप के बाजारों में किन-किन भारतीय बस्तुओं की मांग थी ?
उत्तर: यूरोप के बाजारों में सूती बस्त्र, रेशम के वस्त्र और इसके साथ काली मिर्च, लौंग, इलाइची और दालचीनी जैसे मसालों की जबरदस्त मांग थी |

प्रश्न: वाणिज्यिक शब्द का अर्थ बताइए |
उत्तर: एक ऐसा व्यवसायिक उद्यम जिसमें चीजों को सस्ती कीमत पर खरीद कर और ज्यादा कीमत पर बेचकर यानी मुख्य रूप से व्यापार के जरिये मुनाफा कमाया जाता है |

प्रश्न: सहायक संधि के फलस्वरूप अंग्रेजों ने कौन-कौन से इलाकों को अपने कब्जे में लिया ?
उत्तर: गवर्नर-जेनरल रिचर्ड वेलेज्ली ने उस समय के नवाब को 1801 में अपना आधा इलाका कंपनी को सौंपने के लिए मजबूर किया क्योंकि नवाब "सहायक सेना " के लिए पैसा अदा करने से चुक गए थे | इसी आधार पर हैदराबाद के भी कई इलाके छीन लिए गए |